-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 15.01.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना तिंदवारी पुलिस द्वारा घर से नाराज होकर गई किशोरी को सूचना के 02 घण्टे के भीतर सकुशल बरामद कर परिजनों को किया गया सुपुर्द ।।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान **"ऑपरेशन मुस्कान"** के क्रम में आज दिनांक 15.01.2025 को थाना तिंदवारी पुलिस द्वारा 12 वर्षीय गुम हुए लड़की को सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया । गौरतलब हो कि आज दिनांक 15.01.2025 को ग्राम भिडौरा थाना तिंदवारी के रहने वाले आशीष सिंह ने थाना तिंदवारी पर सूचना दी कि उनकी 12 वर्षीय बहन सीता घर से नाराज होकर बिना बताये कहीं चली गयी काफी खोजबीन करने के बाद भी उसका पता नहीं चला । सूचना पर तत्काल थाना तिंदवारी पर गठित मिशन शक्ति एंटीरोमियों टीम द्वारा मौके पर जाकर आस पास के लोगों से पूछताछ करते हुए लड़की को 02 घण्टे के भीतर सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया । परिजनों ने पुलिस टीम की प्रशंसा करते हुए हृदय से धन्यवाद दिया ।

पुलिस टीम का विवरण-

1. म0उ0नि0 रोशनी सेंगर
2. का0 मोहित शिवहरे
3. का0 प्रशांत यादव